an>

title: Regarding BSNL Tower.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर, राजस्थान की ब्रॉडबैंड और इंटरनेट से सम्बन्धित सेवाओं की कमी के बारे में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि जो भी सरकार की योजनाए हैं, वे प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुँचें। जो प्रधानमंत्री जी ने अच्छी योजनाएं शुरू की हैं, चाहे वह डीबीटीएल योजना हो या अन्य योजनाए हों, जो उनका पारदर्शिता का सपना है, डायरेक्ट बेनीफिट आम आदमी को देने का जो सपना है, उन सबको निभाने में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड की बहुत बड़ी भूमिका है। दुर्भाग्य का विषय है कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में ब्रॉडबैंड और इंटरनेट तो बहुत दूर का सपना है, सामान्य जो मोबाइल सुविधा है और जो लैंडलाइन फोन की सुविधा है, उसमें भी बीएसएनएल द्वारा बहुत लापरवाही बरती जा रही है। आज बी.एस.एन.एल. के जो मूल एक्सचेन्ज थे, उनको भी बी.एस.एन.एल. के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से उखाड़ा जा रहा है और इंटरनेट की सुविधा तो छोड़ो, मोबाइल टावर्स की संख्या भी वहाँ इतनी कम है कि बी.एस.एन.एल. के जो लोग हैं, उन्होंने अपनी सर्विसेज़ बी.एस.एन.एल. से छोड़ दी है और मजबूरी में उनको प्राइवेट कंपनियों में जाना पड़ रहा है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय से आग्रह है कि ऐसे अधिकारी जो सरकारी सेवाओं को ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप मांग कीजिए कि ज्यादा से ज्यादा टावर्स लगें।

डॉ. मनोज राजोरिया : जी हाँ। ऐसे अधिकारियों को निर्देशित करें कि मेरे संसदीय क्षेत्र में बी.एस.एन.एल. के टावर्स अधिक से अधिक संख्या में लगाएँ जिससे कि क्षेत्र के लोगों को बी.एस.एन.एल. की सुविधाएँ मिल सकें और मोबाइल की कॉल ड्राप बंद हो सकें।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।